Je ,oa jkstxkj ea=ky;]Hkkjr ljdkj
Ministry of labour & Employment, Government of India

deZpkjh jkT; chek fuxe
vkn'kZ fpfdRlky; ,oa O;kolkf;d jksx dsUnz
Ukankuxj] bUnkSj – 452011
nwjHkk"k - 0731-2557656,2559080 QsDl-0731-2559080 bZesy: ms-indore@esic.nic.in / www.esic.nic.in

Employees' State Insurance Corporation
Model Hospital and Occupational Disease Centre
Nanda Nagar, Indore – 452011
Tele - 0731-2557656,2559080, Fax-0731-2559080
E-Mail: **ms-indore@esic.nic.in** / www.esic.nic.in

१८-डी-१३/११/स्वच्छ भारत/२०१४ **दिनांक:१८/१०/१६**

"स्वच्छ भारत पखवाड़ा" के अन्तर्गत संचालित गतिविधियां

(०१/१०/२०१६ से १५/१०/२०१६)

- **पहला दिन: (०१/१०/२०१६, शनिवार)**

  दिनाँक ०१/१०/२०१६ को ई. एस. आई. सी. मॉडल हॉस्पिटल, नंदानगर के सभा गृह में स्वच्छता अभियान पखवाड़े की शुरुवात हुई! डॉ. सोनल ढलवानी के द्वारा उद्घाटन उदबोधन दिया गया! चिकित्सा अधीक्षक श्रीमती डॉ. प्रतिमा दवे द्वारा सर्जिकल स्ट्राइक का उल्लेख करते हुए जवानों के हौसले की प्रशंसा, जय हिन्द के नारे और राष्ट्र गान के साथ की गई!तत्पश्चात डी.एम. एस. डॉ. सुचित्रा बोस द्वारा शपथ दिलवाई गई, स्वच्छता संबंधी नारे लगाए गए! अस्पताल के स्टाफ़ द्वारा बगीचे की सफाई की गई, जिसमे बीमित व्यक्तियों और अस्पताल के कर्मचारियों ने गर्मजोशी से भाग लिया! विशेष रूप से बाह्य रोगी विभाग की साफ़-सफाई पर ध्यान दिया गया और साथ ही मच्छर रोधी स्प्रे व् कृन्तकनाशी का छिड़काव किया गया !

- **दूसरा दिन (०२/१०/२०१६, रविवार):**

पखवाड़े के दूसरे दिन की गई गतिविधियों के अंतर्गत वाटर कूलर्स, पेयजल टंकी एवं अन्य कूलर की सफाई की गई और साथ ही चिकित्सालय में मच्छर-रोधी स्प्रे व कृन्तकनाशी का छिड़काव किया गया !

- **तीसरा दिन (०३/१०/२०१६, सोमवार):**

पखवाड़े के गतिविधियों को आगे बढ़ाते हुए तीसरे दिन चिकित्सालय के बगीचों की सफाई के दौरान अवांछित झाड़ियो को हटाया गया एवं कचरे को एक जगह एकत्रित कर जलाया गया ! चिकित्सालय के नजदीकी सरकारी विद्यालय (शाशकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय, नंदानगर) में जाकर विद्यार्थियों को सामान्य साफ़-सफाई, आसपास के वातावरण की सफाई, स्वयं की सफाई, हाथ धोने के तरीको एवं गन्दगी से होने वाली बीमारियों की जानकारी एवं उससे बचाव के तरीको से अवगत कराया गया !विद्यार्थियों की स्वच्छता के प्रति रूचि बढ़ाने के लिए "स्वच्छ भारत" विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया ! प्रतियोगिता में चयनित श्रेष्ठ चित्र को पखवाड़े के समापन समारोह के दिन पुरस्कृत किया जायेगा !

- **चौथा दिन (०४/१०/२०१६, मंगलवार):**

पखवाड़े की गतिविधियों में चौथे दिन चिकित्सालय के में श्रीमान डॉ. अमित मिश्रा द्वारा बाह्य रोगी विभाग में उपस्थित बीमित मरीजो एवं उनके साथ आए परिजनों को सामान्य एवं वातावरण की साफ़-सफाई के साथ साथ मुख्य रूप से दन्त एवं मुख की नियमित सफाई, ब्रश करने के तरीके एवं उसके महत्व के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई ! विशेष रूप से आकस्मिक चिकित्सा विभाग, प्रशाशन विभाग एवं चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय की साफ़-सफाई पर ध्यान दिया गया !

डॉ. प्रतिमा दवे (चिकित्सा अधीक्षक)

deZpkjh jkT; chek fuxe
vkn'kZ fpfdRlky; ,oa O;kolkf;d jksx dsUnz
Ukankuxj] bUnkSj – 452011
nwjHkk"k - 0731-2557656,2559080 QsDl-0731-2559080 bZesy: ms-indore@esic.nic.in / www.esic.nic.in

Employees' State Insurance Corporation
Model Hospital and Occupational Disease Centre
Nanda Nagar, Indore – 452011
Tele - 0731-2557656,2559080, Fax-0731-2559080
E-Mail: **ms-indore@esic.nic.in** / www.esic.nic.in

- **पांचवा दिन (०५/१०/२०१६, बुधवार):**

पखवाड़े के पांचवे दिन की चिकित्सालय के प्रथम तल की साफ़-सफाई, मच्छर रोधी स्प्रे व् कृन्तकनाशी का छिड़काव किया गया !

- **छटवा दिन (०६/१०/२०१६, गुरुवार):**

पखवाड़े के छटवे दिन भी उत्साहपूर्वक चिकित्सालय के सफाईकर्मियों द्वारा परिसर की सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया ! समीप के विद्यालय "सरस्वती शिशु मंदिर" में जाकर साफ-सफाई के प्रति जागरूकता कार्यक्रम किया गया एवं बच्चो को निजी साफ़-सफाई, आस-पास के वातावरण की साफसफाई, खुले में शौच पर प्रतिबन्ध व् गंदगी से होने वाली बीमारियों व् उससे नुकसान के बारे में जानकारी दी गई! बच्चो की रूचिवर्धन एवं उनके विचारो को समझने, दिशा देने के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया !

- **सातवा दिन (०७/१०/२०१६, शुक्रवार):**

पखवाड़े के सातवे दिन की शुरुवात चिकित्सालय के गहन चिकित्सा इकाई, प्रयोगशाला, भंडार गृह की साफ-सफाई की गई और साथ ही मच्छर रोधी स्प्रे व् कृन्तकनाशी का छिड़काव किया गया!

- **आठवा दिन (०८/१०/२०१६, शनिवार):**

पखवाड़े के आठवे दिन की चिकित्सालय के द्वितीय तल की सफाई, मच्छर रोधी स्प्रे व् कृन्तकनाशी का छिड़काव किया गया !

- **नौवा दिन (०९/१०/२०१६, रविवार):**

पखवाड़े के नौवे दिन चिकित्सालय के बाह्य रोगी विभाग की साफ़-सफाई, मच्छर रोधी स्प्रे व् कृन्तकनाशी का छिड़काव किया गया !

- **दसवा दिन (१०/१०/२०१६, सोमवार):**

पखवाड़े के दसवे दिन की चिकित्सालय के शिशु रोग वार्ड में भर्ती बच्चो के लिए स्वछता संबंधित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ! इसी क्रम में समीप के सरकारी विद्यालय में साफ़-सफाई के प्रति जागरूकता, स्वयं की साफ़-सफाई, खुले में शौच न करने व् बीमारियों से बचाव आदि के बारे में अवगत करवाया गया तथा चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई !

- **ग्यारहवा दिन (११/१०/२०१६, मंगलवार):**

डॉ. प्रतिमा दवे (चिकित्सा अधीक्षक)

Je ,oa jkstxkj ea=ky;]Hkkjr ljdkj
Ministry of labour & Employment, Government of India

deZpkjh jkT; chek fuxe
vkn'kZ fpfdRIky; ,oa O;kolkf;d jksx dsUnz
Ukankuxj] bUnkSj – 452011
nwjHkk"k - 0731-2557656,2559080 QsDl-0731-2559080 **bZesy**: **ms-indore@esic.nic.in** / www.esic.nic.in

Employees' State Insurance Corporation
Model Hospital and Occupational Disease Centre
Nanda Nagar, Indore – 452011
Tele - 0731-2557656,2559080, Fax-0731-2559080
E-Mail: **ms-indore@esic.nic.in** / www.esic.nic.in

पखवाड़े के ग्यारहवे दिन की चिकित्सालय के बगीचों की साफ़-सफाई की गई ! जागरूकता कार्यक्रम के ही अन्तर्गत चिकित्सालय के बाहय रोगी विभाग में मरीजो एवं उनके साथ आये परिजनों को संबोधित करते हुए स्वच्छता के प्रति, आस-पास की साफ़-सफाई के प्रति, खुले में शौच न करने व् बीमारियों के बारे में व् उनके बचाव के तरीको के बारे में जानकारी दी गई !

- **<u>बारहवा दिन (१२/१०/२०१६, बुधवार):</u>**

समीप के विद्यालय "शाषकीय उच्च विद्यालय " में जाकर साफ-सफाई के प्रति जागरूकता कार्यक्रम किया गया एवं बच्चो को निजी साफ़-सफाई, आस-पास के वातावरण की साफसफाई, खुले में शौच पर प्रतिबन्ध व् गंदगी से होने वाली बीमारियों व् उससे नुकसान के बारे में जानकारी दी गई !

- **<u>तेरहवाँ दिन (१३/१०/२०१६, गुरुवार):</u>**

पखवाड़े के तेरहवे दिन चिकित्सालय में जैव-चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन, विभाजन एवं उसके निपटान के बारे में प्रेजेंटेशन के माध्यम से संछिप्त जानकारी दी गई !

- **<u>चौदहवाँ दिन (१४/१०/२०१६, शुक्रवार):</u>**

पखवाड़े के चौहदवे दिन स्वछता पखवाड़े के नोडल ऑफिसर्स श्रीमती डॉ. सोनल ढलवानी एवं श्रीमती डॉ. अनीता कुमार द्वारा पुरे चिकित्सालय का दौरा किया गया एवं सबसे स्वच्छ विभाग को चयनित किया गया ! डॉ. ऋतू चौधरी (स्त्री रोग विशेषज्ञ) एवं डॉ सोनल ढलवानी (शिशु रोग विशेषज्ञ) द्वारा प्रसूति एवं स्त्री रोग वार्ड में प्रसव पूर्व एवं प्रसव उपरांत साफ़-सफाई, स्वयं एवं शिशु की देखभाल, संक्रमित बीमारियों से बचाव, टीकाकरण आदि सभी जानकारिया वार्ड में भर्ती मरीजो को दी !

- **<u>पंद्रहवा दिन (१५/१०/२०१६, शनिवार):</u>**

स्वच्छता भारत पखवाड़े के अंतिम दिन बहुत ही उत्साहपूर्वक समापन समारोह का आयोजन किया गया व् थीम के अनुसार स्वेच्छा से सफ़ेद वस्त्र पहन कर सभी ने स्वच्छता के लिए अपना समर्थन दिया ! समारोह की शुरुवात श्रीमती डॉ. प्रतिमा दवे, चिकित्सा अधीक्षक महोदया द्वारा स्वच्छता अभियान पर अपने विचार सभी के समक्ष रखे व् अपनी तरफ से सभी सफाईकर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए पुरुस्कार दिए ! समीप के विद्यालयों में जो चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई थी उन सभी में श्रेष्ठ चित्र बनाने वाले विद्यार्थियों को भी चिकित्सालय में आमंत्रित करके पुरुस्कृत किया गया ! चिकित्सालय के दौरे में जो सबसे स्वच्छ विभाग चयनित किया गया था उस विभाग के इंचार्ज, नर्सिंग ऑफिसर एवं सफाई-कर्मचारी को शील्ड (ट्रॉफी) प्रदान की गई ! अंत में श्रीमती डॉ. सोनल ढलवानी के द्वारा आभार व्यक्त किया गया एवं सभी के समर्थन के लिए प्रोत्साहित किया !

डॉ. प्रतिमा दवे (चिकित्सा अधीक्षक)